an>

Title : Stoppage of train Nos. 18030 and 18615 at Chakulia Railway station and introduction of direct train from Tatanagar to Buxar and Deen Dayal Upadhyay junction-Laid

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि वैश्विक कोविड-19 महामारी के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा देशभर में बंद की गई ट्रेनों का परिचालन पुनः प्रारंभ कर दिया गया है, परंतु कतिपय ट्रेन ऐसे भी हैं जिनका जिन रेलवे स्टेशनों पर पूर्व में ठहराव होता था वहां नहीं होने के कारण यात्रियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिससे वहां के लोग आंदोलनरत है । जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चाकुलिया रेलवे स्टेशन पर पूर्व में शालीमार कुर्ला लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-18030 एवं हावड़ा हटिया क्रिया योगा सुपरफास्ट ट्रेन संख्या-18615 का ठहराव होता था । विदित है कि उक्त दोनों ट्रेनों का चाकुलिया रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं हो रहा है । साथ ही टाटानगर से बक्सर एवं दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । उल्लेखनीय है कि अविभाजित बिहार के दौरान से ही बिहार के लगभग 10 जिले एवं उत्तर प्रदेश के 4 जिले के लोग यहां पर काफी संख्या में निवास करते हैं । अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं उक्त दोनों ट्रेनों का चाकुलिया स्टेशन पर ठहराव एवं टाटानगर से बक्सर तथा दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए सीधी ट्रेन चलाने की कृपा की जाए ।